**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–16.03.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री** नरेन्द्र **मोदी ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ की बातचीत, कहा – भारतीय सद्भाव में विश्वास करते हैं।**
2. **पाकुड़ में भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर कोयला ढुलाई रोकी गयी, वाहन मालिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी।**
3. **जामताड़ा जिले में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने किया नाला एसडीपीओ कार्यालय भवन का उद्घाटन, कहा – जनता को मिलेगी सुविधा।**
4. **पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में मिली बड़ी सफलता, 10 किलोग्राम आईईडी बम बरामद, जंगल में ही किया गया निष्क्रिय।**
5. **प्रसार भारती को देश भर में हॉकी को बढ़ावा देने और इसके मैचों के प्रसारण के लिए हॉकी इंडिया जमन लाल शर्मा पुरस्कार से किया गया सम्मानित।**

**समाचार विस्तार**

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत शांति के बारे में जो भी बोलता है, दुनिया उसे सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। श्री मोदी ने एआई शोधकर्ता और पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय सद्भाव में विश्वास करते हैं और शांति चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पडोसी देशों के बीच मतभेद होते ही हैं और कभी–कभी असहमति भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि ध्यान इस पर केन्द्रित करना चाहिए कि मतभेद विवाद में परिवर्तित न हों।

***********************

पाकुड़ जिले के पचुवाड़ा नॉर्थ और सेंट्रल कोल ब्लॉक में भाड़ा बढ़ाने की मांग को लेकर वाहन मालिकों ने कोयला ढुलाई रोक दी है। उनका कहना है कि तीन साल से भाड़ा नहीं बढ़ने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। बीजीआर कंपनी के जनसंपर्क पदाधिकारी संजय बेसरा ने कहा कि मामले की समीक्षा के बाद ही कोई प्रतिक्रिया दी जाएगी।

***********************

जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड में नवनिर्मित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय भवन का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष सह विधायक रविंद्रनाथ महतो ने किया। मौके पर स्पीकर ने इसे क्षेत्र की पुलिसिंग व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि जनता को इससे सुविधा मिलेगी।

***********************

रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन के पास होली के दिन दो गुटों में हुई झड़प में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर मुआवजा और घायलों के मुफ्त इलाज की मांग की। मौके पर पहुंचे स्थानीय विधायक राजेश कछप ने लोगों को समझा–बुझाकर जाम हटवाया और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

***********************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में तीसरे बंग उत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया। तीन दिवसीय महोत्सव में बंगाली समाज की सांस्कृतिक झलक देखने को मिल रही है, जहां विभिन्न जिलों से आए कलाकार प्रस्तुति दे रहे हैं। आयोजन समिति की कार्यकारी अध्यक्ष अर्पणा गुहा ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य पूरे बांग्ला समाज को एक मंच पर लाना है।

***********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को एक और सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने टोंटो थाना क्षेत्र के हाथीबुरु और लेम्साडीह जंगल के बीच 10 किलोग्राम का आईईडी बम बरामद किया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों द्वारा कच्ची सड़क पर लगाए गए इस विस्फोटक को बम निरोधक दस्ते ने जंगल में ही नष्ट कर दिया।

***********************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र में छऊ मुखौटा निर्माण प्रतियोगिता आयोजित हुई। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, समेत अधिकारीयों ने प्रतियोगिता में कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छऊ महोत्सव की तैयारियों को मजबूत करेंगी और कलाकारों को प्रोत्साहित करेंगी।

******************

देवघर जिले में 23 से 30 मार्च तक **सरस मेले** का आयोजन होगा.। जिसमें स्वयं सहायता समूह की दीदियों और स्थानीय कामगारों को बेहतर मंच मिलेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

1) कैडेट कैप्टन प्रीतम कुमार ने 1 झारखंड नेवल यूनिट, एनसीसी रांची का गौरव बढ़ाया। उन्होंने भारतीय नौसेना के ट्रेनिंग स्क्वाड्रन के साथ सिंगापुर, इंडोनेशिया, वियतनाम, कंबोडिया और थाईलैंड की समुद्री यात्रा पूरी की।
2) हजारीबाग जिले में सौ साल पुरानी परंपरा के तहत रामनवमी महापर्व का आगाज हो गया। आज बड़ा अखाड़ा परिसर में महासमिति अध्यक्ष चयन को लेकर बैठक हुई जिस में सात उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की। महासमिति अध्यक्ष का चुनाव जल्द मतदान के जरिए होगा।
3) साहिबगंज जिले के पतौड़ा झील में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग के नेतृत्व में झील के किनारों और जल क्षेत्र की सफाई की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

******************

झारखंड के कई जिलों में गर्मी बढ़ रही है, जबकि कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बोकारो, धनबाद, सरायकेला–खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में हीट वेव और येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही गढ़वा, पलामू, लातेहार, देवघर, दुमका और जामताड़ा में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

******************

नई दिल्ली में कल हॉकी इंडिया के सातवें वार्षिक पुरस्कारों में प्रसार भारती को वर्ष 2024 में हॉकी के प्रसारण और संवर्धन में अमूल्य योगदान के लिए जमन लाल शर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक रिपोर्ट –

***************